शिक्षा का उत्थान। शिक्षक का सम्मान।

# मिशन शिक्षण संवाद



# सृजन बालगीत
## भाग- 4

दिनांक-20.06.2021

शैक्षिक बालगीत संकलन



क्रमांक 84 से 107 तक

काव्यांजलि दैनिक सृजन टीम

आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ। 9458278429

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY
क्रमांक 84

# मेरे पापा

मेरे पापा सबसे सच्चे,
सबसे न्यारे सबसे अच्छे।



बाहर की सैर कराते हैं,
हमको खूब हँसाते हैं॥



सही राह जो हमें दिखाते,
नहीं गलत काम सिखाते।

सच्चाई का पाठ हमें पढ़ाते,
बहुत प्यार वो हमको करते॥

रचना
शिप्रा सिंह (स०अ०)
उ०प्रा० वि० रूसिया
अमौली, फतेहपुर



# फूल





बगिया में हैं सुन्दर फूल,
डाल-डाल पर रहे हैं झूल।
काँटों में हँसना सिखाते,
मुसीबत से लड़ना सिखाते।।



रंग-बिरंगे, प्यारे-प्यारे,
एक-दूजे के साथ हैं सारे।
जग को महकाना सिखाते,
सबका हित करना सिखाते।।





रचना- रीना काकरान (स0अ0)
प्रा0 वि0 सालेहनगर
वि0 क्षेत्र- जानी, मेरठ

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 86
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# मेरी मम्मी

मेरी मम्मी कितनी अच्छी हैं,
सारे जग से ही वो सच्ची हैं।
सुबह-सवेरे मुझे हैं जगाती,
मुझसे पहले खुद जग जाती।।





हम सबके लिए खाना बनाती,
मुझे तैयार कर स्कूल ले जाती।
घर पर भी मम्मी मुझे पढ़ाती,
अच्छी-अच्छी बातें मुझे सिखाती।।



रचना-
रचना सिंह वानिया (स०अ०)
प्रा० वि० आलमपुर बुजुर्ग
वि० क्षेत्र- रजपुरा, मेरठ

# सन्तरा

गोल-गोल संतरा आया,
खट्टा-मीठा रस लाया।
विटामिन सी भरपूर इसमें,
त्वचा रोग जड़ से मिटाया।।






पीले-पीले रंग का सन्तरा,
हरे-हरे पेड़ों से आया।
गर्मी से राहत दिलाता,
शरीर को स्वस्थ बनाता है।।



रचना
ऊषा रानी (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय खाता
विकास क्षेत्र-मवाना, मेरठ

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 88
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# घड़ी




तीन सुइयों की देखो घड़ी,
टिक-टिक-टिक आगे बढ़ी।
समय से सोओ, समय से जागो,
घड़ी हमें यह बतलाती।।



कभी न रुकती, कभी न थकती,
अपनी डगर पर यह चलती।
समय से पढ़ो, समय से खेलो,
घड़ी हमें यह बतलाती।।

रचना :-
रविता शर्मा (शिक्षिका)
कृष्णा पब्लिक स्कूल, मेरठ



# वीर बनों



वीर बनों तुम धीर बनों,
नहीं कभी अधीर बनों।
जल के जैसे शान्त बनों,
वारिधि से गम्भीर बनों।।



फूल से कोमल बन जाओ,
पर वज्र सी कठोरता लाओ।
सब बाधाओं पर पा विजय,
नित आगे बढ़ते जाओ।।

रचना:
भावना शर्मा (प्र०अ०)
प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY
क्रमांक 90

# हवाई जहाज



उड़ता हुआ हवाई जहाज,
मुझको बड़ा अच्छा लगता है।
तेज आवाज आती है,
जब पास से गुजरता है।।



मैं कुछ दूरी तक दौड़कर,
उसको देखा करती हूँ।
मैं भी बैठूँगी एक दिन इसमें,
ये सपना देखा करती हूँ।।



रचना-
माला सिंह (स०अ०)
क०वि० भरौटा
सरधना, मेरठ

# आम

आम है फलों का राजा,
रस देता है ताजा-ताजा।
गर्मियों में आता है,
सब के दिल पर छाता है।।





बच्चा हो या बूढ़ा,
हर कोई आम को खाता है।
इसका स्वाद है इतना मीठा,
सबका मन ललचाता है।।

रचना
प्रकृति वशिष्ठ
कक्षा-5
के०वी०पी०एस०
परीक्षितगढ़, मेरठ



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 92
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# चींटी

चींटी होती बड़ी मेहनती,
हर पल चलती कभी न रूकती।
सुबह से लेकर शाम तक,
अपने लक्ष्य को पूरा वो करती।।









अन्न का वो भण्डार भरती,
अपना कार्य स्वयं ही वह करती।
हमको बच्चों सीख है देती,
मेहनतकश इन्सान बनने की।।



रचना
रचना रानी शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक
93
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# मेरे मामा



मेरे मामा प्यारे-प्यारे ,
बच्चों की आँखों के तारे।
जब मुन्नी को चले वो ब्याहने,
ढोलक बजाना कोई ना जाने।।



तब मामा ने थाप लगायी,
धूमधाम से हुई सगाई।
लड्डू, पेड़ा और मिठाई,
भर-भर पेट सभी ने खायी।।



रचना-
मोना शर्मा (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय पूठी
वि० क्षेत्र- किला परीक्षितगढ़, मेरठ

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 94

# गुब्बारे वाला

देखो गुब्बारे वाला आया,
रंग-बिरंगे गुब्बारे लाया।
लाल, हरा, नीला, पीला,
हर एक रंग मुझको भाया।।






एक रुपए में एक मिलेगा,
खोटा पैसा नहीं चलेगा।।
मम्मी मुझको पैसे दे दो,
गुब्बारा हर रंग का ले दो।।


रचना-
स्नेह लता ( स०अ० )
प्रा० वि०- नारंगपुर
वि० ख०- परीक्षितगढ़
जनपद- मेरठ



# आलू राजा

आलू देखो गोल मटोल,
नहीं है कोई इसका मोल।
खाने का यह स्वाद बढ़ाता,
सब सब्जियों में मिल जाता।।






बच्चों को भी खूब पसन्द आता,
आलू का जब पराठा बन जाता।
आलू है सब्जियों का राजा,
सभी के मन को खूब भाता।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स० अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 96

# माँ के प्यारे केश



मेरी माँ के न्यारे केश,
लम्बे-लम्बे काले केश।
चमकीले, बड़े प्यारे केश,
घुंघराले, छल्ले वाले केश।।

माँ कभी लम्बी चोटी करती,
सिर पर बड़ा कभी जूड़ा रखती।
कभी-कभी खुला रखती केश,
लगते माँ के बड़े प्यारे केश।।



रचना
रश्मि शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० विशुननगर
खैराबाद, सीतापुर

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 97
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# बालमन



बालमन बड़ा चंचल,
करता शैतानी हर पल।
कभी पेड़ पर चढ़ जाये,
कभी धरा पर लेट जाये।।




बालमन बड़ा चंचल,
करता मनमानी हर पल।
कभी बहना की खींचे चोटी,
कभी बुलाए उसे मोटी-मोटी।।



बालमन बड़ा चंचल,
करता उछल-कूद हर पल।
कभी दादी के गले लग जाए,
कभी दादा का चश्मा छिपाए।।





रचना:
रूखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मिर्ज़ापुर

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 98
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# नई किताबें

नई-नई किताबें मेरी,
मुझको बड़ा ही भाएँ।
खुशबू इनकी इतनी प्यारी,
पढ़ने को जी ललचाएँ।।

हर पन्ना है चिकना-चिकना,
रंग-बिरंगे चित्र सजे।
जल्दी से खुल जाए स्कूल,
पढ़कर करेंगे खूब मजे।।





रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० जारी- 1
क्षेत्र- बड़ोखर खुर्द, बाँदा

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 99
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# अच्छी सीख



सुबह-सुबह जब आँखें खोली,
मम्मी पास में आकर बोली।
सब बड़ों को करो प्रणाम,
अच्छे होंगे सारे काम।।

सबसे पहले रोज नहाओ,
कपड़े साफ पहन कर आओ।
दूध पियो ताजा खाना खाओ,
बस्ता टांगो स्कूल को जाओ।।



स्कूल में न करना शैतानी,
पढ़ने में न करना आनाकानी।।
होमवर्क घर से करके जाना,
करना न बच्चों कोई बहाना।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY
क्रमांक 100

# प्यारे पापा

चाहे सामने ना हो फिर भी मेरे साथ हैं,
मेरे सर पर जिनका हमेशा हाथ है।
अपने ख्यालों में भी जो मेरा ख्याल रखते हैं,
मेरी खुशी के लिए जो हर दर्द सह सकते हैं।।



मेरी छोटी सी चोट में,
जो पूरी रात नहीं सोया करते हैं।
दिखाते नहीं पर ऐसा नहीं है,
कि पापा नहीं रोया करते हैं।।

मेरी मुस्कुराहटों में जिनके हर दर्द का इलाज है,
मेरी खुशी में जिनकी खुशी का राज़ है।
इन दो अक्षर के लफ्ज़ में मेरा पूरा जहाँ है,
जहाँ कोई मेरे साथ नहीं है मेरे पापा वहाँ है।।

रचना
मुस्कान वार्ष्णेय
कक्षा-12
ब्लू बर्ड सी० सै० स्कूल
अलीगढ़



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY
क्रमांक 101

# योग



योग कोई धर्म नहीं,
यह जीने की एक कला है।
स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन,
यही इसका लक्ष्य पहला है।।



उम्र की कोई सीमा नहीं,
योग सब अपना सकते हैं।
अपनी जीवनचर्या में शामिल कर,
संतुलित जीवन पा सकते हैं।।

शरीर, मन और आत्मा को,
योग नियन्त्रित करता है।
शारीरिक और मानसिक रूप से,
शान्त जीवन प्रदान करता है।।

रचना
दमयन्ती राणा (स०अ०)
रा० उ० प्रा० वि० ईड़ाबधाणी
वि०ख०- कर्णप्रयाग, चमोली



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 102
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# गर्मी आयी




गर्मी आयी, गर्मी आयी,
साथ में कड़ी धूप भी लायी।
सबको गर्मी खूब सताएँ,
घण्टों बाद फिर बिजली आए।।




सबके पसीने छूटते जाएँ,
सारे लोग परेशान हो जाएँ।
गर्मी में हम छुट्टी मनाएँ,
परिवार के साथ घूमने जाएँ।।

रचना
रोली शर्मा (छात्रा)
कक्षा - 5
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, चन्दौली



# 1 से 20 तक संख्याएँ

एक, दो, तीन, चार,
जीवन में हैं रंग हजार।
पाँच, छः, सात,
अपनों के रहना साथ।।




आठ, नौ, दस,
रिश्तों में घोलो रस।
ग्यारह, बारह, तेरह,
मत करो तुम जिरह।।

चौदह, पन्द्रह, सोलह,
झगड़ों में करो सुलह।
सत्रह, अट्ठारह, उन्नीस, बीस,
दिल में रखो न कोई टीस।।



रचना
पारुल चौधरी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० हरचंदपुर (1-8)
खेकड़ा, बागपत

# मीठी बोली

## मीठी बोली

सोच समझकर बोलो बोल,
बोली अपनी है अनमोल।
बोली सबके राज बताती,
सही गलत में भेद कराती।।





कोयल मीठी बात बोलती,
जिससे सबको प्यारी लगती।
कौआ काँव-काँव चिल्लाता,
नही किसी के मन को भाता।।



रचना
रूपी त्रिपाठी (स० अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात

◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढाएँ◆

◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆

मिशन शिक्षण संवाद

रविवार, 20 जून 2021

क्रमांक 105

सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# फूलदान



रूप अनेक हैं इसके होते,
कोई बड़े कोई छोटे होते।
अलमारी, मेज में इसे सजाते,
घर की रौनक यह हैं बढ़ाते।।



फूलदान की अद्भुत शान,
देख के खुश होते मेहमान।
रंग-बिरंगे इसमे फूल लगाओ,
हर कोना घर का महकाओ।।

रचना- श्रीमती शुभा देवी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० अमौली ( 1-8)
क्षेत्र- अमौली, जनपद- फतेहपुर



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
क्रमांक 106
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY

# करो योग रहो निरोग



योग से शरीर बने बलवान,
कहते हैं सब वेद, पुराण।
ऋषियों, मुनियों ने अपनाया,
स्वस्थ, चिरंजीवी जीवन पाया।।




जीवन का करो सदुपयोग,
जीवन में अपनाओ योग।
रहेगी स्फूर्ति और चंचलता,
बन जायेगा शरीर निरोग।।

रचना
अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
क्षेत्र व जनपद- बागपत



# मेरे प्यारे पापा

**रोज़ सुबह काम पर जाते,**
**शाम को वो वापस आते।**
**मेरे प्यारे पापा मेरे लिए,**
**खूब खिलौने लेकर आते।।**



**चलना भी सिखलाते हैं,**
**पढना भी सिखलाते हैं।**
**जब भी गलती हो जाये,**
**प्यार से समझाते हैं।।**

रचना
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
क्षेत्र व जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



◆आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढाएँ◆
◆शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण◆
मिशन शिक्षण संवाद
रविवार, 20 जून 2021
सृजन बाल गीत SUPER SUNDAY
क्रमांक 108

# गंगा दशहरा

प्रणम्य है भागीरथी,
जो भारत भूमि सींचती।
हर जीव को जल तृप्त कर,
करती जीवन्त वनस्पति।।



कर शिव-जटा की परिक्रमा,
उतरी हिमालय गोद में।
भागीरथ के पीछे चली,
कल-कल बही भू-लोक में।।



जन-जन की माँ आराध्या,
जीवन को सबके पालती।
शत-शत नमन हे! जान्हवी,
तू पातकों को तारती।।

रचना- राजकुमार शर्मा (प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
वि० क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



# माँ

प्यारी जग से न्यारी माँ,
खुशियाँ देती सारी माँ।
चलना हमें सिखाती माँ,
मंजिल हमें दिखाती माँ।।



दुनिया में अनमोल है माँ,
खाना हमें खिलाती माँ।
लोरी गाकर सुलाती माँ,
सारे जग से न्यारी माँ।।

रचना:- अनुराग राज (छात्र)
कक्षा- 4
रा० आ० प्रा० वि० चोपता
वि०ख०-अगस्त्यमुनि,
रुद्रप्रयाग

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# मिशन शिक्षण संवाद

# सृजन बालगीत - भाग 04

## रचनाकारों की सूची

84- शिप्रा सिंह, फतेहपुर
85- रीना काकरान, मेरठ
86- रचना सिंह वानिया, मेरठ
87- ऊषा रानी, मेरठ
88- रश्मि शर्मा, मेरठ
89-भावना शर्मा, मेरठ
90- माला सिंह, मेरठ
91-प्रकृति वशिष्ठ (छात्रा), मेरठ
92-रचना रानी शर्मा, मेरठ
93-मोना शर्मा, मेरठ
94- स्नेहलता, मेरठ
95- मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
96- रश्मि शर्मा, सीतापुर
97- रुखसाना बानो, मिर्जापुर
98- ज्योति विश्वकर्मा, बांदा
99-शहनाज बानो, चित्रकूट
100- मुस्कान वार्ष्णेय(छात्रा), अलीगढ़
101- दमयन्ती राणा, चमोली
102- रोली शर्मा (छात्रा), चंदौली
103- पारुल चौधरी, बागपत
104- रूपी त्रिपाठी, कानपुर देहात
105- शुभा देवी, फतेहपुर
106- अमित गोयल, बागपत
107- ज्योति सागर, बागपत
108- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट
109- अनुराग राज (छात्र), रुद्रप्रयाग

**तकनीकी सहयोग**

1- शिखा वर्मा, सीतापुर 2- रीना काकरान, मेरठ
3- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर 4- मन्जू शर्मा, हाथरस

**मार्गदर्शन- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट**

**संकलन :- काव्यांजलि दैनिक सृजन टीम**